08.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10PM

प्रादेशिक समाचार

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

ऽ नई दिल्ली में आज तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का अंतिम दिन। प्रधानमंत्री ने की पूर्वात्तिर राज्यों में हुई प्रगति की सराहना।

ऽ मुख्यमंत्री ने की पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत। 16 जिलों के 38 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य।

ऽ मुख्यमंत्री ने की शाजापुर में मेडिकल कॉलेज और शुजालपुर में आयुर्वेदिक कॉलेज खोलने की घोषणा।

ऽ प्रदेश में मौसम ने ली करवट। इंदौर, भोपाल सहित कई जिलों में ठंड बड़ी। कुछ जगहों पर बारिश के आसार।

प्रधानमंत्री-अष्टलक्ष्मी महोत्सव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेहतर संचार, डिजिटल समावेशन और बुनियादी ढाचे में निवेश के माध्यम से पूर्वोत्तर राज्यों में हुई प्रगति की सराहना की है। श्री मोदी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के एक आलेख के बारे में सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया साझा कर रहे थे। इस आलेख का विशेष है विकसित भारत के सपने को साकार बनाने में पूर्वोत्तर की भूमिका। प्रधानमंत्री ने अष्टलक्ष्मी महोत्सव की भी सराहना की जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र में टेक्सटाइल, पर्यटन के अवसरों और परम्परागत शिल्प के महत्व पर प्रकाश डाला जा रहा है। तीन दिन का अष्टलक्ष्मी महोत्सव नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज संपन्न हो रहा है।

## पल्स पोलियो अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पल्स पोलियो के प्रति जागरूकता ही बचाव का पहला कदम है। भारत पोलियो मुक्त देशों में से एक है परन्तु पोलियो मुक्त बने रहने के लिए पोलियो की दो बूंद का उपयोग अवश्य करें। मुख्यमंत्री आज मुख्यमंत्री निवास पर पल्स पोलियो के राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, डब्ल्यू.एच.ओ. के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 दिवसीय पल्स पोलियो में 38 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत बरकरार की भावना से प्रदेश के 16 जिलों में यह अभियान चलाया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री राजस्थान हरियाणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे। वह जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का उद्घाटन करेंगे। साथ ही राजस्थान ग्लोबल बिज़नेस एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले निवेश शिखर सम्मेलन का विषय 'पूर्ण, जिम्मेदार, तैयार' रखा गया है। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

इसके बाद प्रधानमंत्री पानीपत जाएंगे और एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के मुख्य परिसर की नींव भी रखेंगे। 495 एकड़ में फैले मुख्य परिसर और छह क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से स्थापित किए जाएंगे। यह फसल विविधीकरण और बागवानी प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए विश्व स्तरीय अनुसंधान की दिशा में काम करेगा।

## अमित शाह- सीमा सुरक्षा बल

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल वीरता, शौर्य और बलिदान के दम पर छह दशकों से देश की सीमा सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को मजबूत करने में कार्यरत है। जोधपुर में आज सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि 1965 से देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमाओं को सुरक्षित रखने में सीमा सुरक्षा बल ने उत्कृष्ट कार्य किया है।

शाजापुर मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 70 हजार करोड़ रुपये की पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना का इसी महीने भूमिपूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज शाजापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पूरे क्षेत्र में पीने और सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने शाजापुर कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि शाजापुर को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी, इसके साथ ही शुजालपुर में भी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में जगह-जगह गौशालाएं खोली जा रही हैं... सरकार, घर-घर गाय पालने के लिए प्रोत्साहन देगी और दूध पर भी बोनस दिया जाएगा।

जनकल्याण पर्व

भोपाल में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता मे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और जनकल्याण पर्व की तैयारियों के सम्बन्ध में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गयी। 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक होने वाले मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार के महाआधारभूत स्तम्भ युवा, नारी, किसान तथा गरीब के कल्याण एवं विकास के लिए दृढ संकल्पित होकर प्रयास किया जाना है। अभियान में 26 जनवरी 2025 तक शिविरों एवं संपर्क दलों के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं के शत-प्रतिशत हितलाभ प्रदान करने के लिए वंचित पात्र हितग्राहियों का घर-घर सर्वे किया जाएगा। अभियान अन्तर्गत ही राजस्व महाभियान 3.0 का क्रियान्वयन 26 जनवरी तक किया जायेगा। प्रदेश में जनकल्याण पर्व का आयोजन 11 दिसबंर से 26 दिसबंर तक आयोजित किया जाएगा।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के 7वां संस्करण 11 दिसंबर, को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है और इसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए मंच प्रदान करके उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है। छात्र दल मंत्रालयों/विभागों/उद्योगों द्वारा दिए गए समस्या सुझावों पर काम करेंगे और 17 विषयों में से किसी पर भी नवाचार श्रेणी में अपना विचार प्रस्तुत करेंगे।

## मौसम

प्रदेश के मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी हैं। प्रदेश में हवाओं का रुख भी उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी की ओर हो गया है। जिससे एक बार फिर सर्दी बढ़ने लगी है। वहीं,पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पूर्वी हिस्से के जिलों में अगले 24 घंटे में बारिश की संभावना हैं। जबलपुर समेत 13 जिलों में बारिश हो सकती है। जबकि ग्वालियर-चंबल संभाग में बर्फीली हवाएं चलेंगी और भोपाल, इंदौर-उज्जैन में ठंड का असर रहेगा।

मौसम विभाग ने जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, कटनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल और सिंगरौली में कहीं-कहीं बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। पिछले तीन-चार दिन की राहत के बाद प्रदेश एक बार फिर रात का तापमान कम होता जा रहा है। कल रात 12 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री के नीचे रहा। शहडोल के कल्याणपुर, नौगांव में 8 डिग्री तापमान रहा।

## क्रिकेट

भारतीय क्रिकेट के लिये आज का दिन अच्छा नहीं रहा। आज बॉर्डर-गावस्कर क्रिकेट ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर दूसरा टेस्ट जीत लिया। मेजबान टीम ने भारत को दूसरी पारी में 175 रन पर आउट करने के बाद बिना किसी नुकसान के 19 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन आज 5 विकेट पर 128 रन से पारी शुरू करते हुए, भारतीय टीम ने 47 रन पर आखिरी पांच विकेट खो दिए।

उधर, दुबई में बांग्लादेश ने अंडर-19 एशिया कप जीत लिया है। आज फाइनल में भारत को बांग्लादेश ने 59 रनों से हरा दिया। भारतीय टीम 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 139 रन ही बना सकी।

समाचार संक्षेप में .....

ऽ मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव 10 दिसम्बर को आगरमालवा जायेगे। श्री यादव वहां भारतीय जनता पार्टी के नवीन जिला कार्यालय भवन का भूमिपूजन करेगें और जनसभा को संबोधित भी करेगें।

ऽ सीहोर में 10 दिसंबर को स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में निजी सेक्टरों के लिए 2700 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

ऽ बालाघाट में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के तहत कल महिलाओं को यौन उत्पीडन निवारण अधिनियन 2013 के बारे में अवगत कराया गया। आंगनबाडी केन्द्र बिरसा एवं वारासिवनी में यह जानकारी प्रदान की गई।

ऽ रायसेन में कलेक्टर अरविंद दुबे ने अधिकारियों को जिले में 11 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहे जनकल्याण पर्व और गीता महोत्सव आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े हुए स्थल जामगढ़ में गीता जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ऽ खण्डवा मे जिला कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2 से 18 दिसंबर तक चल रहा है । सर्वेक्षण दल घर-घर पहुँचकर संभावित मरीजों की जॉच कर पता लगा रहे हैं। अभी घरों तक पहुँचकर 3,59,319 लोगों का सर्वेक्षण किया जा चुका है।

....................